Title: Need for early electrification of villages in Kheri Parliamentary Constituency.

श्री रवि प्रकाश वर्मा (खीरी) : महोदय, मेरा संसदीय क्षेत्र खीरी हिमालय की तराई में नेपाल की सीमा पर स्थित है। क्षेत्र ने कृषि उत्पादन के माध्यम से भारत को खाद्य सुरक्षा के क्षेत्र में व्यापक योगदान दिया है। बिजली की अनुपलब्धता के कारण क्षेत्र का विकास तथा किसानों की उत्पादकता प्रभावित हो रही है। सरकार से अनुरोध है कि प्रदेश की सभी चीनी मिलों से बिजली खरीदने की योजना शीघ्र बनाकर क्रियान्वित कराए तथा जनपद खीरी के सभी बसे हुए ग्रामों का विद्युतीकरण कराते हुए शत प्रतिशत विद्युतीकरण का लक्ष्य हासिल करने का प्रयास करें।